दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित


RNI NO-
UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com





वर्ष :- 02 अंक :- 344 मुरादाबाद, 15 April 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर का पहला AIIMS देश को समर्पित किया, असम को दी 14300 करोड़ की सौगात

पीएम मोदी ने तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन किया। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला मई 2017 में पीएम मोदी ने ही रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में एम्स का उद्घाटन किया। उन्होंने पूर्वोत्तर के पहले एम्स को देश को समर्पित किया। इसके अलावा उन्होंने तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन किया। इसमें गुवाहाटी स्थित कोकराझार, नलवारी और नगांव महाविद्यालय और चिकित्सालय शामिल हैं। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला मई 2017 में पीएम मोदी ने ही रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने असम को 14300 करोड़ रुपये की सौगात दी।



### असम को 3 नए मेडिकल कॉलेज भी मिले

इस दौरान क्क्रू मोदी ने कहा कि आज उत्तर पूर्व को अपना पहला AIIMS और असम को 3 नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। ढ्ढञ्ज-गुवाहाटी के साथ मिलकर आधुनिक रिसर्च के लिए 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशलिटी वाले अस्पताल का भी शिलान्यास हुआ है। असम के लाखों-लाख साथियों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का काम मिशन मोड पर शुरू हुआ है। आईआईटी-गुवाहाटी के साथ मिलकर आधुनिक रिसर्च के लिए 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशलिटी वाले अस्पताल का भी शिलान्यास हुआ है। असम के लाखों-लाख साथियों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का काम मिशन मोड पर शुरू हुआ है। पिछले नौ साल में हमने इंफ्रा प्रोजेक्ट्स पर काम किया है और इसलिए हर कोई कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की बात करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आपके सेवक होने की भावना से काम करते हैं, इसलिए नॉर्थ-ईस्ट हमें दूर भी नहीं लगता और अपनेपन का भाव भी बना रहता है। आज नॉर्थ-ईस्ट में लोगों ने विकास की बागडोर आगे बढ़कर खुद संभाल ली है। भारत के विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम पर आधारित नीतिः पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि क्ष्छ्वक्क की सरकारों में नीति, नीयत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम इसी भावना से हमारी नीतियां तय होती हैं। इसलिए हमने वोटबैंक की बजाए देश की मुश्किलों को कम करने पर ध्यान दिया। हमने लक्ष्य बनाया कि हमारी बहनों को इलाज के लिए दूर ना जाना पड़े। हमने तय किया कि किसी गरीब को पैसे के अभाव में अपना इलाज न टालना पड़े। हमने प्रयास किया कि हमारे गरीब परिवारों को भी घर के पास ही बेहतर इलाज मिले।

### बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। हमारे संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की मुख्य भूमिका रही है।

संविधान में समाए समानता और समरसता के मूल्य ही आधुनिक भारत की नींव है। मैं इस पुण्य अवसर पर बाबा साहेब के चरणों में भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज 21वीं सदी में हर भारतवासी के सपने और उसकी आकांक्षाएं असीम हैं। इनकी पूर्ति में लोकतंत्र के एक स्तम्भ के तौर पर हमारी सशक्त और संवेदनशील न्यायतंत्र की भूमिका भी उतनी ही अहम है।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बैसाखी उत्सव के दौरान हादसा, फुटब्रिज गिरने से 40 लोग घायल



जम्मू- जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को एक फुटब्रिज गिरने से कई बच्चों सहित कम से कम 40 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर के गांव में बैसाखी का त्योहार मनाया जा रहा था। इस मौके पर खई श्रद्धालु यहां इकट्ठा हुए थे।

### घायलों को किया गया अस्पताल में भर्ती

अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। बचाव दल ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू ऑपरेशन में महिलाओं और बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बता दें कि हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में भगदड़ देखी जा सकती है। इस हादसे में किसी के भी गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।एम्बुलेंस घटनास्थल पर मौजूद हैं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। घायलों को उपचार के लिए CHC चेनैनी में ले जाया गया।

### ओवरलोडिंग की वजह से टूटा ब्रिज



अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बैसाखी समारोह के दौरान चेनानी प्रखंड के बैन गांव के बेनी संगम में हुई। यहां



पर एक फुट ब्रिज बनाया गया था। इस पर सिर्फ 20 लोगों के चलने की क्षमता है। शुक्रवार को इस फुट ओवर ब्रिज को क्षमता से अधिक भीड़ होने के कारण यह हादसा हुआ। भीड़ अधिक होने के कारण 150 लोग इस ब्रिज पर चढ़ गए थे। भार ज्यादा होने की वजह से यह पुल टूट गया।संभागीय आयुक्त (जम्मू) रमेश कुमार ने कहा कि पुल ओवरलोडिंग के कारण ढह गया क्योंकि बड़ी संख्या में लोग उस पर जमा हो गए थे। बैसाखी के चलते स्थानीय लोग और श्रद्धालु यहां पर त्योहार मनाने आए थे। ब्रिज टूटने की वजह से यहां अफरा-तफरी मच गई। भारी संख्या में लोग यहां पर इकट्ठा थे। हादसे में बच्चें और महिलाओं समेत 40 लोग घायल हो गए हैं।

## डिंपल यादव ने सरकार पर साधा निशाना, बोलीं- उत्तर प्रदेश में उड़ रहीं लोकतंत्र की धज्जियां

मैनपुरी पहुंची डिंपल यादव ने अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर योगी सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ रहीं हैं। सरकार मनमानी पर उतारू हो गई है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी पहुंची सपा सांसद डिंपल यादव ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने असद के एनकाउंटर पर कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरकार मनमानी पर उतारू है। कहा कि जनता ये सब देख रही है। जल्द ही इसका माकूल जवाब देगी। सांसद डिंपल यादव शहर के मोहल्ला छपट्टी में आयोजित डॉ.



भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार फेक एनकाउंटर किए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र कुछ नियमों और कानूनों से चलता है। लेकिन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### सरकार मनमानी पर उतारू है- डिंपल यादव

उन्होंने कहा कि नियम और कानून को किनारे करके सरकार मनमानी पर उतारू हो गई है। कहा कि पूरे प्रदेश की जनता ये सब देख रही है। आने वाले समय में जनता इन सबका जवाब देगी। हालांकि चुनाव के सवाल पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद वे वापस सैफई लौट गईं।

### सीसीटीवी कैमरों से अपराधियों की हुई पहचान

ज्ञात हो कि बीती 24 फरवरी को प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर को बीच सड़क पर दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में माफिया अतीक अहमद का बेटा असद, गुलाम, साबिर, अरमान और विजय चौधरी उर्फ उस्मान गोलियां चलाते हुए नजर आए। जबकि गुड्डू मुस्लिम ने बम बरसाए थे।

### सपा मुखिया और बसपा सुप्रीमो भी सरकार को निशाने पर लिया

इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अब तक चार अपराधियों का एनकाउंटर कर चुकी है। गुरुवार को पुलिस ने झांसी में अतीक अहमद के बेटा असद और गुलाम को एनकाउंटर में मार गिराया।

इसको लेकर विपक्ष लगातार प्रदेश सरकार पर हमलावर है। अब सांसद डिंपल यादव ने सरकार के इस कदम पर टिप्पणी की है। इससे पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती भी सरकार को घेर चुकी हैं।

## 125 फीट ऊंची बाबा साहब की मूर्ति का सीएम केसीआर ने किया अनावरण, डॉ. आंबेडकर के पोते भी थे मौजूद

राव ने प्रतिमा के स्वरूप की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रतिमा कल्पना से ज्यादा बेहतर बनी है। उन्होंने कहा कि हम देश के गौरव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने जा रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में डॉ. बी आर अंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम के साथ-साथ डॉ. अंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर भी मौजूद रहे।

### पार्टी का बदला था नाम

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखते ही पार्टी का नाम बदल दिया था। असल में उन्होंने दशहरा के दिन अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) रख दिया था।

### कल्पना से बेहतर प्रतिमा

राव ने प्रतिमा के स्वरूप की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रतिमा कल्पना से ज्यादा बेहतर बनी है। उन्होंने कहा कि




हम देश के गौरव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने जा रहे हैं। इस देश आने वाली पीढ़ियों के लिए संविधान निर्माता के रूप में सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वाले योद्धा के तौर पर उनकी मेहनत और बलिदान शाश्वत है। केवल दलित ही नहीं, आदिवासी, बहुजन, भारत के लोग जहां भी उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा वहां बाबसाहेब की महत्वाकांक्षा साकार हुई। हम उनके लिए जितना भी करें कम है। उन्होंने बताया कि अनावरण के अवसर पर मूर्तिकार 98 वर्षीय पद्म भूषण राम वनजी सुतार कृष्णा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उनका कार्यक्रम के दौरान सम्मान किया जाएगा।

### हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

राव ने हाल ही में अंबेडकर प्रतिमा के उद्घाटन, नए सचिवालय भवन परिसर के उद्घाटन और अन्य मुद्दों को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंबेडकर की प्रतिमा पर शुक्रवार को हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी।

### सभी जरूरी इंतजाम के निर्देश

केसीआर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए राज्य सचिवालय का नाम उनके नाम पर रखा गया है। उन्होंने प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर राज्य के कोने-कोने से आने वाले अतिथियों की सुविधा के लिए सभी इंतजाम करने का निर्देश दिया है। उनके लिए टेंट, पीने के पानी, छाछ आदि की व्यवस्था की गई है। बाबासाहेब को भव्य तरीके से श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। गुलाब, सफेद गुलदाउदी और पान के पत्तों की एक बड़ी माला बनाई गई है। क्रेन से हटाई जाएगी पर्दा- बता दें, डॉ. अंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा पर लगे विशाल पर्दे को हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में बौद्ध भिक्षु भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर खेल-कूद और गीत-संगीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा। अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी आर अंबेडकर के प्रपौत्र प्रकाश अंबेडकर को आमंत्रित किया गया है। 750 बसों का संचालन- यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है कि सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों के 35,000 से अधिक लोग अंबेडकर प्रतिमा अनावरण सभा में शामिल हों। इसलिए राज्य द्वारा संचालित सड़क परिवहन निगम की 750 बसों का संचालन किया जाएगा।

## संपादकीय Editorial

# Towards the face of mobilization...

Bihar Chief Minister Nitish Kumar and Deputy Chief Minister Tejashwi Yadav met Rahul Gandhi at Congress President Mallikarjun Kharge's residence. Some things also happened. This is an important political development in view of the mobilization of the opposition. However, no concrete conclusion can be reached yet. Claims of opposition unity cannot be made either. Although such claims have not been made. Former Congress President Rahul Gandhi has definitely said that whoever comes along, will take him along. The battle of ideology will continue in the country. Nitish Kumar made it clear that we are with the Congress in uniting the opposition. That is, Congress should become the axis of opposition alliance and mobilization, this is Nitish's political intention. After this meeting, Nitish and Tejashwi also met Delhi Chief Minister and Aam Aadmi Party (AAP) national convenor Arvind Kejriwal. Congratulations on the national status of AAP. Some politics must have happened and Congress must have been mentioned. This can also be considered an important effort in the direction of mobilization, but it will take time to be a part of the like-minded and coalition. Kejriwal also said the same. At present, two possible reports are being received. One, Nitish Kumar can be made the convenor of UPA by the end of this month. Secondly, a big public meeting of the opposition can be organized at the historic Ramlila Maidan in Delhi. It may give some clear indications as to what the face of opposition mobilization would be. Will leaders of powerful opposition parties like AAP, SP, Trinamool Congress and BRS also be present on that dais?

In which direction will the regional parties like BJD, Telugu Desam Party, YSR Congress, BSP etc. turn? Left parties, DMK, NCP, Shiv Sena (Uddhav faction) etc. are believed to be leaning towards Congress-Nitish politics. Of course there are contradictions and cracks in the opposition even today. In 2018-19 too, there were some attempts at opposition alliances and handshakes in the air, but they proved futile and futile. They remained mere photoshoots and the opposition continued to disintegrate. The differences in opposition and the issues of acceptance run deep. Every leader is under the misconception of considering himself as the Prime Minister. No one is accepting the need for unity of the opposition. Prime Minister Modi and the BJP have been fighting strong and relevant parties in different states. Has also won the election. Especially in the Lok Sabha elections, the mandate has been almost one-sided and in favor of the BJP. Modi's rule can be defeated only if the opposition mobilization is like 1977. Will Nitish Kumar prove to be 'Jayaprakash Narayan' in new contexts? We don't think so. However, Nitish can communicate with the parties and leaders towards whom the Congress is uncomfortable. Nitish also has such acceptance that even anti-Congress leaders will definitely listen to him. With whom the Congress is absolutely comfortable or with whom there is still an alliance situation, dialogue can be held at the Congress level, but the final alliance is not so easy and smooth. There are also some contradictions. For example, Sharad Pawar's NCP is in alliance with the BJP in the Nagaland government. However, in view of the 2024 general elections, opposition mobilization is absolutely necessary, otherwise it does not seem possible to defeat Modi and the BJP decisively.

# Policy: Water management is the center of Mission Life, matter will also be raised in G-20 conference

India is committed to strengthen cooperation among G-20 member countries in water management using state-of-the-art technology. The origins of climate change can be traced to an economic theory known as the 'Tragedy of the Commons', which states that when individuals have access to a common resource, they act in their own best interest, regardless of their effects on others. Taking selfish decisions in view of The earth is our shared resource, and it is this human tendency that has pushed us into this menace known as climate change. Prime Minister Narendra Modi highlighted this in the year 2021 COP-26 held in Glasgow. One aspect that he explained was the concept of LIFE ie 'Lifestyle for the Environment'. Water is central to Mission Life. When India assumes the presidency of the G-20 on December 1, 2022, we share the vision of 'One Earth, One Family, One Future' with the motto of 'Vasudhaiva Kutumbakam'. If the world is to win over the crisis of climate change, the G-20 countries will have to make the most effort, as 80 percent of the world's emissions are due to these countries. Although the impact of climate change is widespread, water resource management is being discussed here. India is committed to strengthen cooperation among G-20 member countries in water resource development and management through sharing of technical experiences, best practices and use of state-of-the-art equipment and technology. India believes that water should be at the center of our development paradigm. The second meeting of the Environment and Climate Sustainability Working Group (ECSWG) organized by the Ministry of Environment, Forest and Climate Change at Gandhinagar during March 27-29, 2023 was an event on water resource management led by the Ministry of Jal Shakti. With countries gathering to reiterate their commitments towards water security, India reaffirms that its priorities, policy and actions are organically linked to achieving the goals set by the SDGs. Several presentations were made on diverse topics like integrated and sustainable use of water resources/ecosystem management, water body restoration, river conservation, rain water management, etc., which would be of immense value to all G-20 members. Under the visionary leadership of Modi ji, the Government of India has taken several initiatives to improve the quality of life of its 1.4 billion people. An integrated Jalshakti Ministry was created to have greater coordination and coordination for water management in the country. Through Jal Jeevan Mission, the world's largest drinking water supply programme, tap water connections have been provided to more than 11.6 crore households today. According to recent studies, the availability of safe drinking water would save the lives of 1.36 lakh children under the age of five. Our other flagship campaign, the Swachh Bharat Abhiyan, made India 100% open defecation free by building over 100 million toilets, which according to a World Health Organization study, saved the lives of three lakh children. India also shared the work done on water resource development through strategies for climate resilience, including critical water storage infrastructure and participation, dam rehabilitation programs for better management of groundwater. The delegation also visited the stepwell at Adalaj Vav in Gujarat to see the ancient water management practices of India. This was followed by a visit to the Sabarmati Siphon Structure, a modern engineering marvel that showcased India's ability to design and execute challenging water infrastructure projects. The second ECSWG meeting is an important step in promoting the efforts of G-20 countries and international organizations towards a sustainable future.

# Struggling pioneer of social revolution: Babasaheb

Babasaheb was a fighting pioneer of social revolution. He did an incomparable work to transform the Indian society. The personality, works and thoughts of Dr. Ambedkar, the preacher and nurturer of social revolution, considering the footprints of great souls like Lord Buddha, Saint Kabir, Mahatma Phule as the goal path, are multifaceted. He has had a keen eye on every aspect of Indian national political and social life and has also influenced it. Like a dedicated Karmayogi, Bharat Ratna Baba Saheb has done the incomparable work of changing the Indian society till his death. His Karma Yoga, struggle and reformism is a symbol of self-respect. The questions related to Dalit, exploited and deprived society were always prominent in his thinking. The 132nd birth anniversary of Bharat Ratna Dr. Bhimrao Ambedkar, the great leader of the constitution maker of the century, the great social reformer, is being celebrated. Bharat Ratna, Baba Saheb Dr. Bhimrao Ambedkar, the great man who gave democratic and progressive constitution to India, pioneer of egalitarian society, has taught us to rise from discrimination and adopt humanity in totality. He said that to improve the quality of education, the foundation of primary education has to be strengthened. After this, higher education will automatically improve. Education is the only medicine on our social miseries. It is the duty of every educated person to serve his poor and ignorant brothers. No one will come to give you rights, fight for it yourself and snatch it. There is more power in a pen than a thousand swords. Education is the milk of a lioness, whoever drinks it will growl. Get educated, get organized, fight. Be your own lamp. Baba Saheb has become an idea instead of a person. He is like a lamp to guide people in the dark. He wrote against Gandhi. That's why some Gandhians got irritated with him. He wrote on the evils from Hinduism to Islam, so the extremists on both sides got irritated with him. Ambedkar wrote on everything and wrote against almost every wrong and many attempts were made to redeem Ambedkar, and it continues to happen. You will find Ambedkar on placards and posters in the election campaign from the village head to the person fighting for the parliament. Ambedkar has been made a vote-maker. For whom Ambedkar fought, the issues for which he stood. Those issues remain today. Baba Saheb was the most educated person among his contemporaries. He got higher education through hard work. But from the early years of his life, he had himself experienced the conditions of inhuman evils, untouchability, discrimination, contempt and neglect and humiliation on the basis of caste in the society. But he did not do a single act in political and social life, which can be called anti-national or anti-social. Jail for Dr. Ambedkar's nationalism, opposition to British imperialism, participation in Satyagraha, acceptance of leadership of Gandhi and Congress and social reform apart from established or cherished norms of cooperation, eradication of untouchability, caste, exploitation, disparity as well as society It should be seen in the totality of nation building with the empowerment of neglected, exploited and backward classes. Only then can justice be done with Dr. Ambedkar's nation concept. Dr. Ambedkar believed that personal interest should always be at the back of the nation. We all have to keep personal interests separate from the interest of the country, otherwise the conflict of interests goes against the unity of the society and the nation. That is why he has said with great clarity, "There should be no doubt that I love my country very much. If there is a conflict between my own interest and the interest of the country, then I will always give priority to my country." It would be very appropriate to mention only two references among many references. After clashing with Gandhiji in the Round Table Conference, in spite of getting 'Separate Electoral Category' from the British Prime Minister, he entered into Poona Pact with Gandhi in 1932, giving up his caste interests keeping in mind the national interest, which made this country Saved from disaster and social disintegration. Another example can be seen in the context of his conversion. Dr. Ambedkar declared that he was a Hindu by birth, but would not die as a Hindu, that is, would convert. He announced this in 1936 but gave a long time of 20 years to the Indian Hindu society to overcome its shortcomings and treat Dalit, exploited society with equality and affection, which was not possible. Ultimately, he accepted Buddhism developed in Indian soil out of symbolic protest. He had said that while converting religion, I will not do anything that will cause any harm to senior Hindus. When he converted to Buddhism, a senior Hindu leader had said that we were afraid that Dr. Ambedkar might take a long jump. He may not take people to Islam or Christianity, but he took a high leap by adopting Buddhism. In fact, Ambedkar had seen that in order to avoid neglect, the untouchable society tries to hide its caste by changing its name in various ways. Ambedkar said that it is more honorable to change the money than to change the name like this. The nation has always been paramount for Dr. Ambedkar and he had said while giving a speech in Mumbai on 31st May, 1952, "Though I am of a fierce nature and I have a Even though there have been conflicts, I assure you that I will not allow India's reputation to be tarnished during my foreign visits. I have never committed treason. Even in the Round Table Council, I was 200 miles ahead of Gandhiji in matters of national interest. Many selfish politicians have imprisoned Ambedkar in their petty politics due to inequalities and struggling for centuries. But he was always ready and dedicated for nation building and national progress. Therefore, it is relevant to mention a part of his speech, "I accept that I have differences with the upper caste Hindus on some points, but I pledge before you that I will sacrifice my life for the protection of my motherland." Nation building was the only desire of Baba Saheb. That's why where he put his all in the upliftment of Dalit, exploited, deprived society, on the other hand he made all-purpose, all-inclusive provisions through the constitution, due to which today India is established as the most successful democracy in the whole world. It is sad that even in the field of higher education, some ignorant people spread rumors that Ambedkar did not make any fundamental contribution to the constitution, but he has put it down in the constitutions of the world. The Constitution was made by the Constituent Assembly / Drafting Committee. Ambedkar was made the chairman for Shobha. I wish the members of the committee had discharged their responsibilities, then TT Krishnamachari would not have said in the Constituent Assembly that one of the selected 7 members who made the constitution had resigned. One passed away. No need to tell this. The personality and work of Dr. Bhimrao Ambedkar is so vast and multidimensional that it is not possible to cover it in one article. That's why it is possible to mention some other useful topics helpful in nation building, but their importance cannot be denied in the perspective of nationalism. Opposition to formation of states on linguistic basis, establishment of Hindi as national language, education and quality of Sanskrit language, opposition to Article 370, his views on change of opinion, idea of usefulness of religion, labor policy, reforms, importance of urbanization, Mahad Satyagraha, Uniform Civil Code and Hindu Code Bill, the importance given to Shrimad Bhagwad Gita, etc. are many such ideas, which give knowledge of his national vision. The devotion and dedication with which this great man fought and tried to eradicate, change the evils prevailing in the Indian Hindu society and for the upliftment, equality and respect of the underprivileged, is exemplary. Today there is a need to imbibe his messages and stay away from any kind of intoxication. He has done immense favor to the nation. He is such a great person that it is difficult to be indebted to him. That's why there is a need to study Babasaheb in totality.- Dr. Nandkishore Shah

# कलेक्टेट सभागार में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया



क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज कलेक्टेउट सभागार में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिन पर माल्यापर्ण कर पुष्प अर्पित किए। विगत वर्षो के भांति बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिन कलेक्टेउट सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर जी ने अपना पूरा जीवन समाज के पिछड़े वर्गो, दलितों एवं गरीबों के उत्थान के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व समाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार एवं अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक पहलुओं की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणा स्त्रोत हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदोरिया, नगर मजिस्टेउट ज्योति सिंह, एसीएम प्रथम मणि अरोरा सहित कलेक्टेउट स्टाफ उपस्थित रहा।

# ललित कौशिक के खाते से लेनदेन का विवरण खंगाल रही पुलिस, नए सिरे से पूछताछ की तैयारी



मुरादाबाद-मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व भाजपा नेता ललित कौशिक कानून के शिकंजे में फंसते जा रहे हैं। बुधवार को सिविल लाइंस पुलिस ने स्पोर्ट्स सामान के कारोबारी कुशांक गुप्ता की हत्या से संबंधित साक्ष्य बरामद किया। अगवानपुर ओवरब्रिज के समीप भाजपा नेता की निशानदेही पर सिविल लाइंस पुलिस ने 315 बोर के एक तमचे का खोखा बरामद किया। जबकि कुख्यात शूटर केशव सरन शर्मा की निशानदेही पर वहीं से एक कारतूस बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली। अब पुलिस की नजर ललित कौशिक के उन बैंक खातों पर गड़ी है, जिससे लाखों रुपये के लेनदेन हुए हैं। रुपये के लेनदेन की तह तक जाने की कोशिश में पुलिस नए सिरे से ललित कौशिक से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। 12 जनवरी 2022 की रात महानगर के रामगंगा विहार में कारोबारी कुशांक गुप्ता के सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात के 14 माह बाद 23 मार्च 2023 को सिविल लाइंस पुलिस ने कुशांक हत्याकांड का पर्दाफाश किया। पुलिस ने बताया कि कुशांक की हत्या की साजिश मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक ने रची। ललित कौशिक के इशारे पर उसके साले के भांजे केशव सरन शर्मा ने कुशांक के सिर में गोली मारी। घटना स्थल से शूटर को फरार कराने में बाइक चालक खुशवंत सिंह उर्फ भीम ने मदद की। तीनों आरोपी फिलहाल जेल में कैद हैं।पूर्व प्रमुख को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनके आवास पर छापेमारी की। वहां से प्रतिबंधित बोर की मैगजीन व आठ लाख रुपये नगद बरामद किए। नगदी व आर्म्स एक्ट के मामले में 11 अप्रैल को पुलिस ने पूर्व प्रमुख को रिमांड पर लिया। ललित कौशिक की निशानदेही पर रामगंगा स्थित चट्टा पुल के समीप 32 बोर का एक तमंचा बरामद किया गया। हालांकि नाइन एमएम की वह पिस्टल नहीं मिली, जिसकी खाली मैगजीन पूर्व प्रमुख के घर से बरामद हुई थी। आठ लाख रुपये के बावत ललित कौशिक ने पुलिस को बताया कि पांच लाख रुपये शूटर केशव सरन शर्मा, दो लाख रुपये खुशवंत सिंह उर्फ भीम व एक लाख रुपये विकास शर्मा को देने थे। ललित कौशिक के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। बुधवार रात पौने नौ बजे से सवा 11 बजे तक दूसरी बार ललित कौशिक सिविल लाइंस पुलिस की रिमांड पर रहा। ललित कौशिक की निशानदेही पर अगवानपुर ओवरब्रिज के नीचे से 315 बोर की एक गोली का खोखा पुलिस ने बरामद किया। जबकि गुरुवार को शूटर केशव सरन शर्मा की निशानदेही पर अगवानपुर स्थित ओवर ब्रिज से 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली।ललित कौशिक की निशानदेही पर एक खोखा व केशव की निशानदेही पर एक कारतूस बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस फिलहाल ललित कौशिक व उसकी बीवी के बैंक खातों के लेनदेन की डिटेल खंगाल रही है। लेनदेन से संबंधित सवाल ललित कौशिक से पूछे जाने शेष हैं। पुलिस कुशांक की हत्या की असल वजह का पता लगाने में जुटी है। -अर्पित कपूर, सीओ सिविल लाइंस, मुरादाबाद।

# भारत रत्न बाबा साहेब ने दिए मौलिक अधिकार, समाज में आई समानता






मुरादाबाद- जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गंज गुरहट्टी पर भारत के भारत रत्न व संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित संविधान दुनिया का श्रेष्ठ संविधान है। बाबासाहेब ने भारत के पिछड़े दलित महिलाओं के लिए मौलिक अधिकार सुनिश्चित किए। श्रमिकों के लिए समता समानता का अधिकार दिया। महेंद्र सिंह बौद्ध ने कहा कि बाबासाहेब ने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की। कामगार श्रमिकों के लिए 10, 12 घंटे की ड्यूटी के उत्पीड़न से बचाकर 8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित की विचार गोष्ठी में अनूप दुबे, श्याम सरन, विवेक गुप्ता, भयंकर सिंह बौद्ध, अफजल साबरी, राजेंद्र बाल्मीकि, गयूर अंसारी, मोहम्मद जुनेद, गंगाराम शर्मा आदि उपस्थित रहेडा. आंबेडकर ने दिलाया दलितों, वंचितों, पिछड़ों को अधिकार- मुरादाबाद। जिला व महानगर समाजवादी पार्टी की ओर से विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनेता, समाज सुधारक और संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। पार्टी के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। कहा कि संविधान में उन्होंने दलितों, पिछड़ों, वंचितों का अधिकार सुनिश्चित किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डीपी यादव, शाने अली, कुलदीप तुरैहा, तुंगीश यादव, जयपाल सिंह सैनी, लाखन सैनी, शीरीगुल, महेन्द्र सिंह, फरीद मलिक, हारून सैफी, बृजलाल जाटव, नाग भारती, फाजिल मलिक, कामिल मंसूरी, अशोक सैनी, राजीव यादव आदि उपस्थित रहे।

# आंबेडकर प्रतिमा स्थापित को लेकर महिलाओं की पुलिस से नोकझोंक



मुरादाबाद-कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर कला में ग्रामीणों ने प्रशासन से बिना अनुमति लिए ही आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कर दी। सूचना पर पहुंचे एसडीएम, सीओ और कोतवाली प्रभारी से प्रतिमा हटाने को लेकर महिलाओं की नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों आचार संहिता का हवाला देते हुए बाद में प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन दिया। ग्राम धर्मपुर कला में आंबेडकर पार्क बना हुआ है। शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशासन से बिना अनुमति लिए ही डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस से मूर्ति हटाने को लेकर महिलाओं की नोकझोंक हुई। बाद में एसडीएम राजबहादुर सिंह, सीओ अंकित कुमार और कोतवाली प्रभारी अमित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि बिना अनुमति के कोई भी प्रतिमा नहीं लगाई जा सकती है।

कहा कि इस समय आचार संहिता भी प्रभावी है, इसलिए उन्हें विधिवत प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ेगी जिसके बाद ही प्रतिमा लगाई जा सकती है। इस बात पर महिलाएं और ग्रामीण भड़क गए। इस दौरान महिला पुलिस की महिलाओं से तीखी नोकझोंक भी हुई। महिलाओं का आक्रोश बढ़ते देख प्रशासन को पीएसी बुलानी पड़ी। इस दौरान भीम सेना के चेतन मुरादाबादी भी मौके पर पहुंच गए। वहां उन्होंने ग्रामीणों को समझाया। जिसके बाद बाबा साहब की प्रतिमा को हटाकर गांव में ही रखने पर सहमति बनी। एसडीएम ने कहा कि कहा कि आचार संहिता हटने के बाद प्रशासन से अनुमति लेकर बाबा साहब की प्रतिमा पुनः स्थापित करा दी जाएगी।

# गर्मी ने छुड़ाया पसीना, 37 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान



मुरादाबाद-तेज धूप और तापमान बढ़ने से लोग गर्मी से बेहाल हैं। पिछले कई दिनों से बढ़ रहा अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया। दोपहर में धूप झुलसाने पर आमादा है। तेज धूप से बचने के लिए लोगों को उपाय करने सावधानी बरतने की अपील जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र ने जारी की है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. एनके मिश्रा ने भी तेज धूप से बचने की सलाह देते हुए अधिक से अधिक तरल पदार्थ और ताजा भोजन करने के लिए कहा है। महानगर में हरथला, पीलीकोठी आदि के पास गन्ने का जूस, लस्सी, कोल्डड्रिंक की दुकान पर लोग पहुंच कर इसका सेवन कर रहे हैं।जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र का कहना है कि मौसम विभाग द्वारा संभावना व्यक्त की गई है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक लू, गर्म हवा अधिक चलेगी। इसको देखते हुए आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण नागरिकों को लू, गर्म हवा से बचाने के लिए अपील कर रहा है।

## क्या करें?

प्रचार माध्यमों पर लू ( हीट वेव ), गर्म हवा की चेतावनी पर ध्यान दें। अधिक से अधिक पानी पिएं। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप के चश्में, छाता, टोपी का प्रयोग करें, जिससे धूप से बचा जा सके। अगर आप खुले मे कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं। ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी ( माड़ ), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें। अपने घरों को ठण्डा रखे, पर्दे दरवाजे आदि का उपयोग करे तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपडो़ं का उपयोग करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करे। श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करने,कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृति को बढाएं।

## क्या न करें?

बच्चों को सड़क पर खड़ी गाडियों में न छोड़ें। दोपहर 12 से तीन बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। गहरे रंग के और तंग कपड़ें न पहनें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें। अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोई वाले स्थान को ठण्डा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियॉ खोल दें। शराब, चाय, काफी, कार्बोनेटडे साफ्ट ड्रिंक आदि के उपयोग करने से बचें क्योंकि यह शरीर में निर्जलीकरण करता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# टीकाकरण की प्रगति बढ़ाएं प्रभारी चिकित्साधिकारी, डीएम ने दिए निर्देश

मुरादाबाद-टीकाकरण और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने और उन्हें पांच लाख रुपये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारियों को गंभीरता दिखानी होगी। सरकारी अस्पतालों में आए मरीजों के इलाज में चिकित्सक कोताही न बरतें। यह निर्देश जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस, जिला स्वास्थ्य सोसायटी के शासी निकाय की मासिक बैठक में दिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स आदि कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर गुणात्मक सुधार करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी को बताया गया कि पीएम जन आरोग्य योजना के अंर्तगत एक से 12 अप्रैल तक 20427 कार्ड रजिस्टर्ड किए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनवाने में आशा, सीएचओ, आंगनबाड़ी कर्मी, पंचायत सहायक को लगाएं व नियमित प्रगति रिपोर्ट लेते रहें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्साधिकारी ने बताया कि आरबीएसके के तहत कटा होंठ व तालू, मोतियांबिंद, दिल में छेद, जन्म के बाद से छोटा या बड़ा होना, पैरों में टेढ़ापन, मूकबधिर आदि विकारों का इलाज निशुल्क कराया जाता है। इसका पूरा खर्च सरकार उठाती है। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि अपने कार्यक्षेत्र में सिजेरियन प्रसवों की प्रगति पर भी ध्यान दें।

हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टरों के गुणवत्तापरक संचालन, एम्बुलेंस सेवाओं की व्यवस्था रखने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमसी गर्ग, जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक, महिला अस्पताल की सीएमएस, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुपमा शांडिल्य, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. एनके कुरैचया, नोडल अधिकारी, एनयूएचएम नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम रघुवीर सिंह, कोर पीसीआई के डॉ जावेद एवं रजनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# राजू आर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अपना दल ( एस ) से जुड़ रहे हैं लोग

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच

एटा - राजू आर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग अपना दल ( एस ) से जुड़ रहे हैं। गुरुवार को अपना दल ( एस ) के अलीगढ़ व आगरा मंडल के समीक्षा प्रभारी अवनीश गौतम राष्ट्रीय सचिव एससी एसटी मंच एवं दोनों मंडलों के सह समीक्षा प्रभारी राज कुमार भुर्जी द्वारा संयुक्त रूप से जनपद पहुंचकर समीक्षा बैठक ली गई। जिले में पार्टी के सदस्यता अभियान प्रभारी रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य के पीएसी रोड स्थित आवास पर पहुंचकर चारों विधानसभा क्षेत्रों में किए गए पार्टी संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें जिले भर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचे समीक्षा प्रभारी गणों का राजू आर्य एवं उनकी टीम द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल तथा अपना दल के संस्थापक डॉ.सोनेलाल पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार अपना एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर एटा पहुंचे दोनों मंडलों के समीक्षा प्रभारी एवं सह समीक्षा प्रभारी द्वारा राजू आर्य से जिले भर में पार्टी के विकास हेतु किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की गई। इस दौरान राजू आर्य ने पार्टी के पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया है



कि लगभग 5 हजार लोगों को अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण कराई जा चुकी है। जिला, तहसील, विधानसभा क्षेत्र एवं विकासखंड सहित ग्रामीण अंचलों में पार्टी की




इकाइयां गठित कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया है कि नियमित रूप से समय-समय पर पार्टी के दिशा निर्देशों के तहत कार्यकर्ताओं के मध्य बैठक आयोजित कर पार्टी को मजबूत किए जाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अलार्म इंडिया न्यूज द्वारा रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य को जिले में नई जिम्मेवारी दिए जाने के संबंध में पूछे जाने पर अवनीश गौतम एवं राजकुमार भुर्जी ने बताया है कि समीक्षा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा श्री आर्य को महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी जाएगी, दोनों पदाधिकारियों ने जोर देते हुए कहा है कि राजू आर्य के कार्यों से पार्टी शीर्ष नेतृत्व पहले से ही काफी संतुष्ट एवं प्रसन्न है, जिसका फल राजू आर्य को प्रदेश व जिला में पार्टी के किसी बड़े पद पर जल्द ही पदासीन करके मिलने वाला है। इस संबंध में श्री आर्य ने भी कहा है कि पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेवारी देगा वह जिम्मेवारी पूरे तन मन धन के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने में अदा की जाएगी। समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत रूपबनी के प्रधान विनोद यादव एवं ग्राम पंचायत गिरौरा के विपिन यादव, सतेंद्र यादव, मोनू ठाकुर, गजेंद्र गौतम , अखिलेश यादव कोयला , योगेंद्र कुमार , प्रदीप यादव किशु यादव, संजय भास्कर , संतोष कुमार, अनिल वर्मा, विनय यादव, अनिल यादव , हरी सिंह लोधी प्रधान, यतेंद्र वर्मा,कोमेश शाक्य, सुनील कश्यप सत्यवीर यादव , पुष्पेंद्र यादव, अवधेश वर्मा, विकास यादव, विकास राजपूत, रामकुमार यादव, नीतू यादव, अखिल ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

# डाक विभाग की गांधी मार्केट ब्रांच में विभाग के दागी कर्मचारियों का जमावड़ा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच

एटा - भारतीय डाक तार विभाग की शाखाओं का कार्य दिवस यूं तो 9बजे से शाम 5 बजे तक हैं।परंतु एटा मुख्यालय नाक तले गांधी मार्केट शाखा देर रात तक खुली रहती हैं चर्चाओं के हवाले से बताया गया है यहां विभाग के विभिन्न घपले परक आरोपों में दंडित दागी कर्मचारियों नियमित आते हैं शराब आदि पार्टी का दौर चलता है अनेक जानकारों ने दागी कर्मचारियों के उक्त ब्रांच में बैठने कामकाज में दखल रखने से किसी बड़े घपले की आंशका व्यक्त की तो जागरूक प्रेस प्रतिंधियों ने वास्तविकता सत्यापित करने के लिए सिक्रेट आप्रेशन टाइगर चलाया जिसने लगा सी दो दिन तक वॉच करते हुए उक्त ब्रांच की संदिग्ध गतिविधियों का खुलासा किया जैसा कि वीडियो से स्पष्ट हो रहा हैं। गोपनीय तरह



से किए गए वीडियो फिल्मांकन में स्पष्ट हुआ कि शाम साढ़े सात ने से 9 बजे तक ब्रांच खुली हुई थी जहां मजे से कुछ दागी कर्मचारी सिगरेट गुटका फूंक रहे थे। बताते हैं आप्रेशन करने बाली प्रेस टीम के सामने आते ही शराब की बॉटल हटा दी गई लगातार 11,12 अप्रैल की शाम से लेकर उक्त डाक ब्रांच में आफिस वर्क के अलावा मौज मस्ती का आलम रहा। वीडियो में सिगरेट फूंक रहे व्यक्ति की एवं दाढ़ी रखे युवक की असलियत पता की तो पता लगा यह जलेसर में सन 2012-3013 में लाखों का गबन एवं घपला कर चुका विभाग का बर्खास्त कर्मी है दूसरा आधार कार्ड बनवाने बाला दलाल। देर रात तक डाक घर खोले जाने के सवाल पर उक्त ब्रांच के पोस्ट मास्टर ने बताया कि काम की अधिकता के कारण ब्रांच खोले हुए हैं जब उनसे कहा गया

असमय शाखा खोले जाने की सूचना आपके मुख्यालय को दी गई है तो वे बंगले झांकने लगे। अब सवाल उठता हैं जहां पूरे जिले के डाक घर कमोबेश छ बजे तक बंद हो जाते हैं वहां इस डाक घर की संदिग्ध गतिविधियों पर विभागीय डाक अधीक्षक की मेहरबानी क्यों हैं ? ऐसे में किसी बड़े गोलमाल की आशंका से इंकार नही किया जा सकता।

# निकाय चुनाव को लेकर एसएसपी ने सभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच

एटा - एसएसपी उदयशंकर सिंह ने नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत संभ्रात नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में सभी को चुनाव में ईमानदारी बरतने की हिदायत देते हुए अराजक तत्वों पर कडी कार्रवाई की चेतावनी दी। जिससे निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संमपन्न कराया जाय। बैठक के बाद उन्होने कस्बा में पैदल मार्च करते हुए संवेदनशील बूथों का निरीक्षण भी किया। बैठक को संम्बोधित करते हुए एसएसपी ने कहा, कि आचार संहिंता का कडाई से पालन किया जाय वहीं



उल्लंधन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाये। कोई भी राजनैतिक सभा, जुलूस, बिना अनुमति के नहीं की जायें। चुनाव किसी भी धार्मिक अनुष्ठानों की भी अनुमति प्रशासन से लेनी होगी। किसी बूथ पर शांति भंग की संम्भावना है तो पुलिस को सूचित करें जिससे अपराधियों पर कार्रवाई अमल में लाई जा सके। एसडीएम सदर शिवकुमारसिंह ने बताया कि मतदाता सूची का कार्य पूर्ण हो चुका है अगर किसी प्रत्याशी का वोट कट गया है तो अपना आवेदन कर सकता है

जिसका जोच के बाद वोट बना दिया जायेगा। इस दौरान सीओ सुनील कुमार त्यागी, ईओ केएन मिश्रा, थाना प्रभारी सतपाल सिंह, एस आई अफसर खां, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार यादव, विजय कुमार शास्त्री, राहुल भारद्वाज, गोल्डी गुप्ता, महेन्द्र सिंह दिवाकर, डा0 शिव कुमार भारद्वाज, गौरव गुप्ता, दिनेश चंद्र यादव प्रधान, बबलू चैहान, कृष्ण गोपाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 जयंती



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में धनीपुर कार्यालय पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहब की जयंती प्रतिवर्ष पूरे देश भर में मनाई जाती है उनको याद किया जाता है इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख नागरिक एवं कार्यकर्ता किसान उपस्थित रहे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

धनीपुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष ठाकुर कुशल पाल सिंह ने दीप प्रज्वलित किया भारत माता की जय वंदे मातरम बाबा साहेब अमर रहे जमकर नारे लगाए इस अवसर पर उपस्थित ठाकुर उदयवीर सिंह विजय पाठक युवा भाजपा नेता अनिल ठाकुर युवा भाजपा नेता अक्षय ठाकुर महेंद्र कुमार पाठक मोनू शर्मा राकेश पाठक अशोक कुमार बाल्मीकि आदि किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले गए

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

